卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 309 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦16 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## मकान गिरने से दो लोगों की मौत, पांच घायल

चमोली(उद संवाददाता)। जोशीमठ में एक मकान टूटने से मलबे में सात लोग दब गए। इनमें से दो लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए है। एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। विगत देर रात्रि कोतवाली जोशीमठ द्वारा एसडी आरएफ को सूचित किया कि हेलंग में चल रहे क्रशर प्लांट के पास दो मंजिला भवन ढह गया, जिसमें कुछ लोगों के दबने की सूचना है। उक्त सूचना पर पोस्ट जोशीमठ से इंस्पेक्टर हरक सिंह राणा, एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम मय रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए। एसडीआरएफ द्वारा विषम परिस्थितियों में रात भर चले रेस्क्यू ऑपरेशन में कंक्रीट की छतों को काटकर सभी 7 लोगों को बाहर निकाला। इनमें से दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया एवं 5 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) जोशीमठ में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती 2 गंभीर घायलों को बुधवार को सुबह हेली एंबुलेंस से हायर सेंटर रेफर किया गया है। जबकि तीन अन्य घायलों का सीएचसी जोशीमठ में उपचार चल रहा है। दूसरी तरफ रुद्रप्रयाग में द्वितीय केदार मद्महेश्वर (शेष पृष्ठ सात पर)



## हादसे में स्कूटी सवार दो युवकों की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत दिवस नैनीताल मार्ग पर दो गांव के नजदीक स्कूटी सवार दो युवकों की पिकप वाहन से हुई भिड़ंत में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गई है। दोनों युवकों को पिकप वाहन के नीचे से निकालकर चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित किया। घटना से दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थाना क्षेत्र के भुजियाघाट के पास टूटा पहाड़ के समीप नैनीताल से आ रहे युवकों की स्कूटी संख्या यूके 04 एएफ 2440 नैनीताल की ओर जा रही पिकअप वाहन संख्या यूके 04 सीए 7634 की चपेट में आ गयी। जिसमें दोनों युवक पिकअप के नीचे आकर कुचल गए। सूचना मिलने पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पिकअप के नीचे से दोनों युवको को बमुश्किल बाहर निकाला। दोनों युवक काठगोदाम थाना क्षेत्र के ज्वाहर ज्योति दमुवाढूंगा के रहने वाले हैं। जिनकी शिनाख्त यश बिष्ट पुत्र शेर सिंह उम्र 20 वर्ष और शुभम जोशी पुत्र आनंद जोशी उम्र 19 के रूप में हुई है। दोनों दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति में पड़ोस में रहते थे। सूचना मिलने पर एसपी क्राइम यातायात डा. जगदीश चंद्र भी घटनास्थल पर पहुंचे वे उन्होंने विस्तार से जानकारी लेकर यातायात सुचारू कराया। जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने दोनों मृत युवकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा।



## पुण्य तिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व.वाजपेयी को किया नमन

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया। सीएम धामी ने ट्वीट करके वाजपेयी जी को नमन किया। उन्होंने लिखा कि भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, महान कवि एवं प्रखर वक्ता, असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्तम्भ, देश के पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर कोटिश: नमन। राष्ट्र के विकास एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने में आपके द्वारा दिया गया योगदान अविस्मरणीय है।



## महिला पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रीत बिहार क्षेत्र में तलाकशुदा महिला की बहन पर पूर्व शौहर ने पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में प्रीत बिहार निवासी शबाना ने बताया कि वह अपनी बहन के घर पर रहती है पति अजीम खान ने उसे तलाक दे रखा है। 15 अगस्त को अजीम खान घर पर आया और मेरी बहन रुकसाना खान के ऊपर पेट्रोल छिडक कर जान से मारने की नीयत से आग लगाने की कोशिश करने लगा । बहन अपनी जान बचाने के लिए किसी के घर मे घुस गयी। अजीम ने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी और बहन के बेटे को मारने लगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्कूलों पर यूजर्स चार्ज लगाएगा नगर निगम

### नगर निगम वर्तमान बोर्ड की अंतिम बैठक में कई प्रस्ताव पारित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वर्तमान नगर निगम बोर्ड के कार्यकाल की होने वाली आज अंतिम बैठक नगर में होने वाले विकास कार्यो को समर्पित रही। हर बार शोर-शराबे के साथ होने वाली बोर्ड की बैठक इस बार बिना हंगामे के साथ सम्पन्न हो गई। बैठक में पार्षदों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को उठाकर इनके शीघ्र समाधान कराये जाने की मांग की। मेयर रामपाल द्वारा ऐसे सभी प्रस्तावों को नोट करवाकर उनका समाधान कराने का भरोसा दिया गया। मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा व सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा की मौजूदगी में आयोजित हुई बोर्ड की बैठक में मुख्य रूप से 36 प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा विचार विमर्श के पश्चात अनेक प्रस्तावों को पास भी किया गया। बैठक में नगर निगम के नवनिर्मित भवन हेतु आवश्यकतानुसार फर्नीचर क्रय करने, प्रकाश व्यवस्था,पंखे, ए०सी० की व्यवस्था करने की स्वीकृति एवं उस पर होने आने वाले व्यय की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति पर विचार किया गया और प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुपालन में में वीरेन्द्र सिंह सोमती मार्ग का निर्माण किये जाने, विज्ञापन के अनुबन्ध गठन हेतु एक माह का अतिरिक्त समय दिये जाने की ,ओ०बी०सी० सर्वेक्षण हेतु लगाई गई आंगनवाडी कार्यकर्तियों को 5 रूपये प्रति परिवार की दर से मानदेय दिये जाने,नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत परफेटी कम्पनी द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत बनाये जाने वाले 2 एन आर एफ सेन्टर हेतु आवश्यक उपकरण क्रय किए जाने एवं उक्त एम आर एफ सेन्टर के संचालन हेतु ई-निविदा के माध्यम से किसी फर्म/संस्था का चयन करने अथवा आवश्यकतानुसार स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कराये जाने ,नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पहाडगंज ट्रेंचिंग ग्राउण्ड स्थित एम० आर० एफ० सेन्टर के संचालन हेतु ई-निविदा के माध्यम से किसी फर्म / संस्था का चयन करने , नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत फाजलपुर महरौला, सी०वी०जी० प्लान्ट के पास स्थित एम आर एफ सेन्टर का संचालन स्वयं सहायता समूह से कराने, नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पहाडगंज स्थित ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में माह जुलाई तक एकत्रित लगभग 26.000 माट्रिक टन वेस्ट ई निविदा के माध्यम से किसी फर्म के द्वारा निस्तारण कराये जाने,नगर निगम रूद्रपुर में 2 वर्ष हेतु ई- निविदा आमंत्रित कर टैक्टर, हाईड्रोलिक टॉली, जेसीबी, पोकलंग, हाईड्रोलिक टिप्पर(शेष पृष्ठ सात पर)





## 'बागेश्वर' में अब कार्यकर्ताओं को साधने की 'चुनौती'

### दोनों ही दलों के कार्यकर्ता नाराज, उजागर हुआ भाजपा का परिवारवाद पर दोहरा मानदंड, दलबदलू को प्रत्याशी बनाने से निष्ठावान कांग्रेसी खफा

■ अर्श

बागेश्वर। दोनों ही प्रमुख प्रमुख दलों भाजपा एवं कांग्रेस द्वारा बागेश्वर उपचुनाव के लिए अपने-अपने प्रत्याशी की घोषणा करने के बाद बागेश्वर उपचुनाव वैसे तो दिलचस्प दौर में पहुंच गया है, लेकिन उपचुनाव के प्रत्याशियों के नाम सामने आने के साथ ही दोनों ही दलों के समक्ष अपने-अपने नाराज कार्यकर्ताओं को साधने की एक बड़ी चुनौती भी तन कर खड़ी हो गई है। बताना होगा कि बागेश्वर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जहां अपने सिटिंग विधायक एवं मंत्री स्वर्गीय चंदन रामदास की पत्नी पार्वती दास को अपना उम्मीदवार बनाया है,वहीं कांग्रेस ने महज एक दिन पहले ही आम आदमी छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले बसंत कुमार को अपना प्रत्याशी घोषित करके, टिकट की आस लगाए बैठे निष्ठावान कांग्रेसियों की उम्मीद पर पानी फेर दिया है। ऐसे में दोनों ही दलों के कार्यकर्ताओं के मध्य गहरी निराशा एवं नाराजगी का आलम है और उपचुनाव में भीतरघात की संभावनाएं बढ़ गई है। लिहाजा एक बात तो तय है कि इस उपचुनाव में दोनों ही दलों को कार्यकर्ताओं के मान मनौव्वल में खासी मशक्कत करनी पड़ेगी और जो भी दल समय रहते अपने कार्यकर्ताओं को साध लेगा और भितरघात रोकने की कारगर रणनीति तैयार कर लेगा, उसकी संभावनाएं उज्जवल हो जाएगी। हालांकि राज्य में भाजपा की सरकार होने के कारण जीत का समीकरण मोटे तौर पर भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहा है, लेकिन कार्यकर्ताओं की नाराजगी इस समीकरण को कभी भी गड़बड़ा सकती है। अभी तक परिवारवाद के मसले पर कांग्रेस पार्टी को घेरती आई भाजपा द्वारा प्रत्याशी चयन में परिवारवाद की परंपरा को ही आगे बढ़ाए जाने के कारण जहां वह अब इस मसले पर स्वयं घिरती नजर आ रही है ,वहीं दूसरी ओर उपचुनाव में दिवंगत विधायक की पत्नी को प्रत्याशी बनाए जाने से बीजेपी के पुराने कार्यकर्ताओं में यह संदेश भी गया है कि उनका नंबर आसानी से नहीं आने वाला। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पार्टी कार्यकर्ताओं को अक्सर ही देव तुल्य और पार्टी संगठन (शेष पृष्ठ सात पर)





# नगर निगम में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ नगर निगम में धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह एवं नगर आयुत्तफ विशाल मिश्रा ने ध्वजारोहण किया तथा नगर निगम परिसर में पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ पौधारोपण भी किया। मेयर ने शहीद स्मारक पर शहीदों को याद करते हुए माल्यार्पण कर पुष्पांजलि भी अप्रित की। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर मेयर रामपाल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस आजादी का वह पर्व है जो हमारे महापुरूषों की के त्याग और बलिदान की बदौलत हमें मिला है। उन्होंने कहा कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने में लाखों युवाओं ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया आज की युवा पीढ़ी को आजादी के सच्चे मायने समझने होंगे और उन महान बलिदानियों की शहादत को हमेशा याद रखना होगा। हमारे पूर्वजों ने लंबे संघर्ष के बाद देश को आजादी दिलाई। इसे अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए जरूरी है कि हम अपने दायित्वों का पालन ईमानदारी और निष्ठा से करें। मेयर ने कहा कि सरकार की योजनाओं का पारदर्शी तरीके से हर पात्र तक पहुंचाना हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। हर कोई आत्मनिर्भर बने। यही हर व्यत्तिफ की असली स्वतंत्रता होगी। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि हम सभी आज अपने वीर शहीदों के बलिदान के कारण ही एक स्वतंत्र भारत में गर्व के साथ जी रहे हैं। पूरा देश आजादी के बाद से ही एक प्रगतिशील देश की श्रेणी में हर क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल ,दीपक गोस्वामी, स्वास्थ्य अधिकारी हर्ष पाल सिंह चंडोक, अधिशासी प्रभारी अधिकारी गजेंद्र पाल, कपूर सिंह, पार्षद प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान, आयुष तनेजा, रीना जग्गा,शालू पाल, जितेंद्र यादव, भुवन गुप्ता, शैलेंद्र रावत,बाबू खान, मोहम्मद अशफाक, परवेज कुरैशी, अबरार, नाजिम अली, सीमा गुप्ता, मनोज गुप्ता, राजेश जग्गा सुनीता मुंजाल, मोहन खेड़ा, रमेश कालरा, राजकुमार कोली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# ठुकराल ने कई स्थानों पर किया ध्वजारोहण

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई स्थानों पर ध्वजारोहण किया। श्री ठुकराल ने ब्राइट फ्यूचर कानवेंट कीरतपुर व द्रोण इण्टर नेशनल पब्लिक स्कूल ठाकुरनगर सहित विभिन्न स्थानों पर भारी जनसमूह की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश का राष्ट्रीय पर्व है। आजादी का यह दिन हमें महान क्रांतिकारियों की बदौलत देखने को मिला है। आज आजादी की जिस खुली हवा में हम सांस ले रहे हैं वह देश भक्तों की कुर्बानी की बदौलत मिली है। उन्होंने कहा कि देश के महान सपूतों ने आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। आज देश की खुशहाली और स्मृति के लिए हम सब को कंधे से कंधा मिलाकर चलने की अवश्यकता हैं तभी हम देश को विश्व गुरू का दर्जा दिला पाएंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों के सपनों का भारत बनाने की जिम्मेदारी देश के हर नागरिक की है देश के हर नागरिक को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवम सुरक्षा मिले इसके लिए सरकारों को सही दिशा में कार्य करने की अवश्यकता है हम आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं आने वाले 25 वर्ष भारत को चरमोत्कर्ष पर ले जायेंगे जिसके लिए देश के युवाओ की भूमिका सबसे अहम है उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस दौरान विजय मिश्रा, ग्राम प्रधान निर्मला सिंह, प्रधानाचार्य नीतू सिंह एस एन वर्मा,विजय वर्मा,विजय दास,सुरेन्द्र कुमार रावल,महेश चौहान, बंटी कोली,अजय सिंह,सोनू सिंह, गगन कंबोज सर्वेश रस्तोगी, रामकुमार गुप्ता, तप विश्वास ललित सक्सेना आदर्श गंगवार शशि भारद्वाज शशि प्रभा सीमा संगीता राजपूत रजनी शीतल अनामिका ,ललित सक्सेना , आदेश गंगवार, अशोक रस्तोगी, विक्की,सुमित कुमार आदेश राठौर, रोहित, ओम प्रकाश, राजेश सक्सेना ,बन्टी मौर्य, शिवम, बेदपाल मौर्य,आकाश गंगवार, बन्टी ठाकुर,सुरेन्द्र गंगवार, विनीत सक्सेना, बब्लू , सुरज दिवाकर , रोहित, संजीव ,देवेन्द्र वर्मा ,राजवीर आदि लोग उपस्थित थे



# बैंक ऑफ बड़ौदा ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख मिहिर कुमार झा, सहायक महाप्रबंधक ने क्षेत्रीय कार्यालय रुद्रपुर में ध्वजारोहरण किया। अपने सम्बोधन में मिहिर कुमार झा, क्षेत्रीय प्रमुख ने कहा कि भारत का 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए, बैंक ऑफ बड़ौदा राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। बैंक देश के आर्थिक, सामाजिक और डिजिटल एजेंडा को सशक्त करने में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हमें भारत की रूपांतरण यात्रा पर अत्यधिक गर्व है और हम देश की प्रगति के लिए अपना योगदान देते रहने के लिए तत्पर हैं। मेरी माटी मेरा देश पहल के एक भाग के रूप में, बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारियों ने हृदय से राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा, समर्पण और सम्मान का प्रदर्शन करते हुए मुट्ठी भर मिट्टी के साथ पंच प्राण संकल्प लिया। इसके अलावा, बैंक कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से हर घर तिरंगा अभियान का समर्थन किया, जिसके तहत बैंक कर्मचारियों को नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए अपने घरों, कार्यालयों एवं शाखाओं पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के रुद्रपुर क्षेत्र के विभिन्न शाखाओं के कर्मचारी गण एवं सेवा निवृत स्टाफ सदस्यों द्वारा उत्साहपूर्ण और व्यापक भागीदारी की।



# छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली

गदरपुर( उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा कॉलेज से मुख्य बाजार होते हुए गणतंत्र दिवस की रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ.किरण पांडे के नेतृत्व में निकाली गई रैली का मार्गदर्शन सहायक



अध्यापिका मिनती रानी विश्वास द्वारा किया गया छात्राओं द्वारा हाथों में तिरंगा झंडा लेकर विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा, 15 अगस्त अमर रहे, सहित अन्य नारे लगाते हुए रैली में सहभागिता की गई तत्पश्चात राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रदान की गई।

# रोटरी क्लब में मना स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रोटरी क्लब रूद्रपुर द्वारा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। रोटरी भवन में ओम सिंघला द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिसके पश्चात रोटरी भवन में चलाये जा रहे रोटरी सहेली सिलाई सेंटर में सिलाई सीख रही बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष हेमंत सिंघल, सेक्रेटरी सुमित सिंह बहल, अपजोत सिंह, नारायण सिंघला, आदित्य सिंघला, मनोज



अग्निहोत्री, डा. अभिषेक गुप्ता, डीएन राय, आसीम बेग, जगदीश बिष्ट, डा. बीएस बिष्ट, अशोक अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रविन्द्र सिंगला, राकेश बंसल, जयप्रकाश अग्रवाल, प्रमोद राय, इनरव्हील अध्यक्ष हरिन्दर कौर, रश्मि सिंगला, शिल्पा सिंगला, विनीता सिंगला, नीलम राय, सीमा राय, सीमा अरोरा, बबली अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# आयकर कार्यालय में फहराया तिरंगा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बगवाड़ा मण्डी परिसर किच्छा रोड, रूद्रपुर में स्थित आयकर कार्यालय में 77 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर आयकर अधिकारी सुनील कुमार मिश्र द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में आयकर कार्यालय में कार्यरत मनीष कुमार सैनी, आयकर निरीक्षक सियाराम मीणा तथा रवि कुमार आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर



सीए एसोशिएशन की ओर से गौतम कथूरिया, सारांश सुखीजा, अभिषेक बाठला, दीपक सिंह, विरेन्द्र महेश्वरी, कपिल अरोरा, मोहित देव, अमित अरोरा, श्रीमती रिद्धिमा कक्कड़, रचित चावला, अनुभव अरोरा, आलोक चावला व बार एसोसिएशन की ओर से सुनील शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

# सारथी फाउंडेशन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सारथी फाउंडेशन समिति के कार्यालय विमल कुंज छोटी मुखानी में संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पंत एवं श्रीमती सुमित्रा प्रसाद के द्वारा ध्वजारोहण एवं मिष्ठान वितरण कर एवं देशभक्ति के गीतों के साथ स्वतंत्रता दिवस को संस्था के सभी सदस्यों के साथ धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की महिलाओं ने देश की सरहद पर तिरंगे की रक्षा करने वाले वीर जवानों की याद में सैल्यूट करते हुएबीयादगार प्रस्तुति दी। संस्थापक संयोजक नवीन पंत ने कहा कि आज देश आजादी के 76 वे वर्ष पूरे कर चुका है। हमें यह आजादी बड़े ही परिश्रम के कारण मिली है। हमें इस आजादी का सदुपयोग करना चाहिए और हमारा भारत कैसे विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो सकता है उसमें सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण और पानी को बचाने के लिए भी एक जनजागरूकता की पहल करनी चाहिए। संस्था के सदस्यों हाथों मे तिरंगा लहराते हुए भारत माता का जयघोष किया। कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र जोशी, उमेश सैनी, योगेश पांडे, गिरीश लोहनी, जाकिर हुसैन, मदन मोहन जोशी, आनंद आर्य, केतन जायसवाल, भवानी शंकर सूठा, दीक्षा पन्त पाण्डे, तनुजा टकवाल, हेमा जोशी, मीना शाही, शीला राणा, पूजा पंत, सोना तिवारी, भावना पांडे, कमला जोशी, सुनीता उपाध्याय, शीला भट्ट, रमा जोशी, तारा बिष्ट, कला नेगी, मंजू सनवाल, गीता बेलवाल, संतोष गौड़, जय प्रकाश, संजीत आर्य कीर्ति, विवेक पन्त आदि मौजूद रहे।


*77वें स्वतंत्राता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त जनपदवासियों / प्रदेशवासियों को जिला पंचायत अल्मोड़ा की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें*

अल्मोड़ा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु जिला पंचायत अल्मोड़ा सदैव प्रयासरत हैं। **"विकास कार्यों में गुणवत्ता ही हमारा उददेश्य है"**

जिला पंचायत अल्मोड़ा ग्रामीण क्षेत्रों के व्यवसायियों से अनुरोध करती है, कि वे जिला पंचायत के देयकों का समय पर भुगतान कर अपना सहयोग प्रदान करें।

जिला पंचायत अल्मोड़ा ग्रामीण जनता एवं पर्यटकों से निम्न अपेक्षा करती हैं:-

1- ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत मुख्य बाजारों तथा धार्मिक/पर्यटन स्थलों को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।
2- अपने-अपने घरों का कूड़ा सार्वजनिक स्थानों में न डालकर कूड़ेदान में ही डाले।
3- प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें।
4- गीला व सूखा कूड़ा घर से अलग-अलग दें।
5- पर्यावरण को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

**( अनिल रावत )** अभियन्ता जि0पं0 अल्मोड़ा
**( जगदीश प्रसाद )** अपर मुख्य अधिकारी जि0पं0 अल्मोड़ा
**( कान्ता रावत )** उपाध्यक्ष जि0पं0 अल्मोड़ा
**( उमा सिंह )** अध्यक्ष जि0पं0 अल्मोड़ा

**एवं समस्त सम्मानित सदस्यगण एवं जिला पंचायत परिवार अल्मोड़ा।**


# विधायक के प्रयास से मृतक के परिवार को मिली आर्थिक सहायता

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।बीते दिनों कल्याणी नदी में बहने से रम्पुरा निवासी राजेन्द्र कोली की मृत्यु हो गयी थी। विधायक शिव अरोरा ने मृतक के परिजनों को आश्वस्त किया था कि परिवार की आर्थिक सहायता करवाई जायेगी जिसके लिये पटवारी को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये थे और विधायक शिव अरोरा के अथक प्रयासों से महज कुछ दिनों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा राहत कोष से दिवंगत राजेन्द्र कोली पत्नी के खाते में 4 लाख की धनराशि हस्तांतरित कराने का



पत्र रम्पुरा उनके निवास जाकर सौपा। विधायक ने कहा कि दिवंगत राजेंद्र कोली की भरपाई नही की जाती लेकिन उनके छोटे छोटे बच्चो की शिक्षा लालन पालन के लिये यह राशि काफी मददगार साबित होगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार हर गरीब के साथ खड़ी है और विधायक ने पीड़ित परिवार को भविष्य में भी हर सम्भव मदद के लिये आश्वस्त किया। वही इस दौरान तहसील दार पूजा शर्मा, पटवारी जुनेजा , भाजपा नेता सुरेश कोली, रामकिशन कोली, महेश कोली, यादराम कोली, लालमन कोली, त्रिलोक कोली, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, ललित बिष्ट, मन्दीप वर्मा,राज कोली, गिरिश पाल, विपिन कोली, डंम्पी चोपड़ा, मानव कक्कड़ आदि लोग मौजूद रहे।

# सच्चाई के साथ अपनी बात जनता की अदालत में रखें पत्रकार : बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के पत्रकारों ने भी यहां 77 वां गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण कर हर्षोल्लास के साथ मनाया। पत्रकार सुरेंद्र खुराना के यहां ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया



गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने भी शिरकत की। इस अवसर पर तिलक राज बेहड़ ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होने के नाते पत्रकारों के कर्तव्य बढ़ जाते हैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सभी पत्रकारों को अपनी लेखनी के माध्यम से सत्यता को जनता की अदालत में रखना चाहिए तथा देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति में पत्रकारों का अहम योगदान रहता है कुछ अपवादों को छोड़कर यह सिद्ध हो गया है कि पत्रकार के बिना कोई भी देश सत्य का अनुसरण नहीं कर सकता। इसलिए पत्रकार जगत से जुड़े सभी संस्थाओं को सोच समझकर ही कार्य करना चाहिए जिससे देश की जनता का विकास और उत्थान हो सके। इस अवसर पर सभी पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि देश के पत्रकारों, लेखकों ने आजादी के में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा अंग्रेजों को भगाने के लिए अपनी लेखनी से भरसक प्रयास किए उन्होंने कहा कि पत्रकारों को भी आम जनता से अपेक्षाएं रहती है की वह देश के प्रति अपनी कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पत्रकारों का भी सत्यता को सामने लाने में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर पत्रकार सुरेन्द्र खुराना, मयंक त्यागी, सुमित बाबा, मो यासीन,अल्तमस मालिक, वेद प्रकाश यादव,कैलाश पण्डित, आदि पत्रकार मोजूद थे।

# अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में लगाई आस्था की डुबकी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान कर दरबार साहिब में माथा टेककर गुरु का प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य किया । श्रद्धालुओं ने पंजा साहिब पवित्र सरोवर की परिक्रमा कर देशी घी की ज्योत एवं नमक, झाड़ू, चढ़ाया और खुशहाली की अरदास की। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा छेवी पातशाही, अजायबघर, बाऊली साहिब, गुरुद्वारा दूध वाले कुए के दर्शन भी किए। गुरुद्वारा लंगर हॉल में गुरु का अटूट लंगर बताया गया। पंज



प्यारों की अगुवाई में अमृत संचार कराया गया। अलमस्त दीवान हॉल में दीवान सजाया गया सजाया गया। प्रसिद्ध रागी दाढ़ी कविसरी जत्थों ने शब्द कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया और गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने मेले में जमकर खरीदारी की। सुरक्षा के मद्देनजर जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात की गई। श्रद्धालुओं ने धार्मिक डेरा कार सेवा पहुंचकर बाबा तरसेम सिंह से आशीर्वाद लिया। गुरद्वारा साहिब दूध वाले कुए के दर्शन भी किए। धार्मिक दीवान भी सजाया गया। धार्मिक डेरा कार सेवा में अमृत संचार कराया गया। श्रद्धालुओं ने लंगर हॉल में गुरु का प्रसाद ग्रहण किया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# नारायण अस्पताल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बिलासपुर रोड स्थित नारायण अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर में स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ धूम धाम से मनायी गयी। अस्पताल के एमडी



डॉ प्रदीप अदलखा व डॉ सोनिया अदलखा ने अस्पताल परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर डॉ अदलखा ने कहा कि वीर सैनिकों की शहादत से देश को आजादी मिली है जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंनें कहा कि आजादी को बनाये रखना सभी का कर्तव्य है। डॉ अदलखा ने स्वतंत्रता दिवस पर समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ अदलखा ने कहा कि नारायण अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं देने के लिए हमेशा तत्पर रहा है। भविष्य में भी अस्पताल में नई सुविधाओं का समावेश किया जायेगा। उन्होंने कहा हमारा प्रयास है कि अस्पताल से हर मरीज स्वस्थ होकर लौटे। इसके लिए अस्पताल का हर कर्मचारी प्रतिबद्ध है। अस्पताल में चिकित्सा को सिर्फ व्यवसाय के लिए नहीं बल्कि सेवा भाव के उद्देश्य के साथ चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरित किया गया साथ ही सराहनीय कार्य करने वाले स्टाफ को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मोनिका करनवीर, डॉ. एसपी. सिंह, डॉ. प्रशांत चौहान, डॉ. परमजीत सिंह चीमा, डॉ. शमीम अहमद, डा. अनु नामग्याल, राजन सिंह, नीलेश कुमार, राजकुमार मिगलानी, निसार अहमद, मीनाक्षी, विशाल, सोनम मेहता, राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

# केएलए परिवार ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा रोड पर केएलए इंडिया लि0 में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस बार ध्वजारोहण केएलए के सीनियर स्टाफ गिरीश चन्द्र, भुवन चंद, कुलदीप, श्री प्रकाश, अहसान ने संयुक्त रूप से किया। ध्वजारोहण के पश्चात समारोह को सम्बोधित करते हुए केएलए के एमडी अरूण अग्रवाल ने कहा कि देश को गुलामी से मुक्त कराने में हजारों वीर सपूतों ने अपने प्राणों की कुर्बानी दी तब जाकर हमें आजादी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि हम अमर शहीदों का ऋण कभी चुकता नहीं करते। सही मायने में आजादी तभी साकार होगी जब हम सभी देश का गौरव और मान सम्मान बढाने के लिए तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि देश के विकास और समृद्धि की चिंता सभी को होनी चाहिए तभी शहीदों का बलिदान साकार होगा और देश निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर



होगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केएलए के डायरेक्टर अशोक अग्रवाल ने कहा कि केएलए परिवार देश की समृद्धि के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर कंपनी कर्मचारियों को प्रोत्त्साहित किया गया। साथ ही देश भक्ति के गीत भी गाये गये। इस अवसर पर उत्सव अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, रंजिता अग्रवाल, अनीशा, सलोनी, निकिशा, सुनील, प्रेमपाल, विजय, जीत सिंह, धर्मपाल, प्रभु दयाल, राजेन्द्र, सुरेन्द्र, विनोद, राजनाथ आदि भी मौजूद रहे।

# सितारगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया आजादी का पर्व

सितारगंज(उद संवाददाता)। स्वतन्त्रता दिवस नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने नगर के श्रीरामलीला मैदान परिसर में झण्डा रोहण किया। इस दौरान उन्होंने देश की आजादी में हुये शहीदों को नमन करते हुये लोगों से उनके पदचिन्हों पर चलने का आव्हान किया। उपजिलाधिकारी तुषार सैनी ने एसडीएम कार्यालय परिसर में झण्डा रोहण किया। इससे पूर्व उन्होंने वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी पण्डित दिगम्बर सती को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उपजिलाधिकारी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सभी आगन्तुको, कर्मियों एवं उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों को शपथ दिलाई। कोतवाली में कोतवाल भूपेन्द्र बृजवाल, पालिका में चेयरमैन हरीश दुबे ने झण्डा रोहण किया। नगर के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों में भी स्वतन्त्रता दिवस की धूम रही। प्रात: से ही नगर के सभी मार्गो पर स्कूली विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं ने आकर्षक झांकियां सजाकर लोगो को मन्त्रमुग्ध कर दिया।वही स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में नगर के मानव धर्म मंदिर में झंडारोहण किया गया। इस दौरान महात्मा नगीना बाई जी, एवं समाजसेवी विष्णु जिन्दल ने झंडारोहण कर आजादी के उत्सव पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मानव धर्म मंदिर इंचार्ज महात्मा नगीना बाई जी, महात्मा गायित्री बाई जी, पण्डित दिगम्बर सती, मधुर अग्रवाल, राहुल रस्तोगी, एडवोकेट हरीश शर्मा, मानित अग्रवाल, स्वेता अग्रवाल, रुक्मणि रस्तोगी, प्रिंस रस्तोगी, रघुवर सिंह, विष्णु जिंदल, रमेश गुप्ता, राजकुमारी जिंदल, उम्मेद सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।






मेरी माटी मेरा देश

स्वच्छ भारत

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## कार्यालय नगर पंचायत लालकुआँ, जिला-नैनीताल

भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 09.08.2023 से दिनांक 15.08.2023 तक ''मेरी माटी, मेरा देश'' अभियान व आजादी की 76 वीं वर्षगाठ स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत लालकुआं हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समस्त क्षेत्रवासियों से यह अपील करती हैं कि :-

1. यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ, सुन्दर व स्वस्थ नगर बनाने में आप अपना अमूल्य सहयोग दें।
2. आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा फहरायें।
3. नगर के विकास हेतु सम्मानित नागरिक होने के नाते नगर पंचायत के करों व यूजर चार्जेज का भुगतान समय पर करें।
4. स्वच्छ भारत मिशन की सफलता हेतु खुले में शौच कदापि न करें, शौचालयों का उपयोग करें।
5. कुडा इधर-उधर ना फैलाये और ना ही कूड़े को जलाये, जैविक कूड़े को हरे डस्टबिन एवं अजैविक कूडे को नीले डस्टबिन में घर पर ही अलग-अलग करके नगर पंचायत के डोर-टू-डोर कूड़ा वाहन में ही डालें।
6. डेंगू मच्छरों एवं जल जनित रोगों से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग करें, फुल आस्तीन के कपड़े पहने एवं बच्चों को पहनाये, कूलर का पानी नियमित बदले, पानी जमा होने वाली जगहों पर मिट्टी तेल डालें, टायरों में पानी जमा न होने दे।
7. पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पेड लगायें एवं नगर पंचायत लालकुआँ के सौन्द्रीकरण में अपना सहयोग प्रदान करें।
8. सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करें।

(राहुल कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लालकुआँ

(लालचन्द्र सिंह)
अध्यक्ष, नगर पंचायत लालकुआँ

सदस्य गण – श्रीमती सरोज, श्री धन सिंह बिष्ट, श्री योगेश उपाध्याय, श्री दीपक बत्रा, श्रीमती रंजू देवी, श्री हेमन्त पाण्डे, श्रीमती राज लक्ष्मी पंडित, श्री संजय अरोरा (नामित) एवं समस्त स्टाफ नगर पंचायत लालकुआँ।

# आरएएन स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए. एन. पब्लिक स्कूल में आजादी की 77 वीं वर्षगाँठ का उत्सव तथा अभिनन्दन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा, पन्त नगर यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ. अजित सिंह नैन तथा विद्यालय संस्थापक विंग कमाण्डर एच.के राय द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। तत्पश्चात् विद्यार्थीगण द्वारा वीर सपूतों को याद करते हुए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें 'मेरी मिट्टी मेरा देश' के अन्तर्गत उत्तराखण्ड की मनमोहक झाँकियों के द्वारा राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता की महत्वपूर्ण भावना को उत्कृष्टता के साथ प्रकट किया गया तथा नुक्कड़ नाटक जी-20 के द्वारा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को प्रसारित करने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। तत्पश्चात् बिलासपुर तथा भूरारानी के सत्र 2022-23 के कक्षा बारह के विद्यार्थीगण जिन्होंने 90प्रतिशत तथा उससे अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया, उन मेधावी छात्रों को रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा तथा पन्त नगर यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ. अजित सिंह नैन, विंग कमाण्डर एच.के.राय, श्रीमती मधु राय, विद्यालय प्रबंधक मोहित राय, विद्यालय संचालिका श्रीमती निधि राय, प्रधानाचार्या शाखा भूरारानी श्रीमती भावना भनोट तथा प्रधानाचार्या शाखा बिलासपुर श्रीमती वन्दना शर्मा द्वारा नकद धनराशि तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शिव अरोरा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा देते हुए देश के विकास में अपना योगदान प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।






# होली चाइल्ड स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की धूम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल में 77वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास व देशभक्ति की भावना से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाने माने उद्योगपति व समाज सेवी योगराज बत्रा, विद्यालय के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी एवं श्रीमति मंजू अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात् सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। राष्ट्रीय गान के पश्चात् बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के देश भक्ति पर आधारित कविता, संदेश, गीतों पर नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति दी। वाइस चेयरमैन विकास बत्रा ने सभी को स्वतन्त्रता दिवस की बधाई दी और स्वतन्त्रता का सही अर्थ क्या है इसके बारे में बच्चों को विस्तार से समझाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि यदि वतन है तो हम हैं अन्यथा हमारा कोई अस्तित्व नहीं इसलिए हमें अपने वतन की रक्षा तन, मन व धन से करनी चाहिए। 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस वर्ष के उत्सव का विषय 'राष्ट्र पहले हमेशा पहले' है जोकि व्यापक आजादी का अमृत महोत्सव समारोह का एक अभिन्न अंग है। स्वतन्त्रता दिवस की 76वीं वर्षगाँठ के शुभ अवसर पर विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी, श्रीमति मंजू अधिकारी, समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर एवं समस्त शिक्षकों ने सभी को हार्दिक शुभकामनाऐं दीं।





# यूके कान्वेंट इंटर कॉलेज ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के बच्चों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गयी। रैली को पूर्व प्रधान विजय यादव व भूतपूर्व समाज कल्याण विकास अधिकारी जीसी परगाई द्वारा हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा प्रीत विहार के विभिन्न मार्गो में से तिरंगा रैली को निकाला गया। रैली के बाद, स्कूल परिसर को राष्ट्रीय ध्वज और सजावट से सजाया



गया । जिसमें तिरंगे का ध्वजारोहण जी सी परगाई तथा एच सी परगाई के द्वारा करवाया गया। जो देशभक्ति के रंगों को दर्शाता है। जहां राष्ट्रगान से वातावरण गूंज उठा । जिससे हमारे देश के लिए एकता और प्रेम की भावना पैदा हुई व भाषण, देशभक्ति गीत और नृत्य प्रदर्शन सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वतंत्रता और एकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में भूतपूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर पी एन सिंह जी द्वारा दीप जलाकर शुरू किया गया जिसमें उन्होंने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए बच्चों को आगे बढ़ाने के विषय में बताया व बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि यह हमारे देश की प्रगति और समृद्धि के प्रति चिंतन, कृतज्ञता और नए समर्पण का दिन है इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के प्रबंधक श्री के पी सिंह व प्रधानाचार्या श्रीमती उषा सिंह तथा विद्यालय के सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# कोलम्बस में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मना स्वतन्त्रता दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित कोलम्बस पब्लिक स्कूल में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वतन्त्रता की 76वीं वर्षगाँठ धूधमाम से मनाई गई। विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा ने विद्यालय ध्वजारोहण कर आजाद भारत माँ को 77वें स्वतन्त्रता दिवस पर नमन किया। विद्यालय प्रांगण में मौजूद अतिथियों व विद्यालय परिवार द्वारा राष्ट्रगान का गायन कर तिरंगे को सलामी दी गयी।तत्पश्चात् विद्यालय के सभागार में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से सराबोर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी । विद्यालय के बाल कलाकारों ने देशभक्ति पर आधारित नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकदीर्घा से खूब वाहवाही लूटी। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने वीर शहीदों के साहस, त्याग एवं बलिदान की संक्षिप्त चर्चा कर स्वदेश के प्रति कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने अपने सम्बोधन के माध्यम से स्वतन्त्रता दिवस की बधाई प्रेषित करते हुए सभी को राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रविकास के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। अन्त में विद्यालय की उप प्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पढ़ते हुए सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद किया गया तथा इस पावन अवसर पर मिष्ठान वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया।इस कार्यक्रम में ललित खेड़ा, अनिल ढींगरा, लक्ष्मीलाल साह, मनमोहन सिंह, अजमेर सिंह, एसके नैयर, पवन मल्होत्रा, विद्यार्थीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।






# स्टार्ट इंस्टीट्यूट में मनाया स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जन कल्याण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टीट्यूट में आजादी का 77 स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम संस्थान के डायरेक्टर डॉ माधवी अवस्थी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उसके उपरांत बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संस्थान की फाउंडर डायरेक्टर डॉ माधवी अवस्थी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया व संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। दिव्यांग बच्चों




को समाज की मुख्यधारा में जुड़ने में किए जा रहे प्रयासों का व्याख्यान किया। संस्थान में उपस्थित सभी अतिथि गणों द्वारा संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की व बच्चों का कार्यक्रम बड़े उत्साह से देखा तथा संस्थान को सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गया। किरतपुर ग्राम सभा की ग्राम प्रधान श्रीमती निर्मला सिंह एवं उनके सहयोगी, प्रॉपर्टी डीलर नेगी, संस्थान के भवन मालिक विशाल अपने परिवार सहित कार्यक्रम में उपस्थित हुए । कार्यक्रम का संचालन संस्थान प्रमुख श्रीमती शकुंतला मेहता द्वारा किया गया। संस्थान के अभिभावक, बच्चे तथा समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# विजडम स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विजडम पब्लिक स्कूल परिसर में 77 वॉ स्वतन्त्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण के साथ विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल और प्रभारी निरीक्षक ट्राजिट कैम्प सुन्दरम शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में ततपश्चात सरस्वती वन्दना के साथ दीप प्रजवल्लन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य पर देश भक्ति से ओत-प्रोत गीत, पहाड़ी गीत, नाटक, भाषण, नारों आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया। विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं के अथक प्रयासों से स्वतन्त्रता दिवस के कार्यक्रमों का सफल मंचन किया गया।



कार्यक्रमों का संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती निधि पाण्डेय और प्रोमिष्ठा दास ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि कोतवाल सुन्दरम शर्मा ने स्वतन्त्रता दिवस के इतिहास के बारे में विद्यालय के बच्चों को संक्षेप में समझाया। अन्त में विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल ने सभी को 77वें स्वतन्त्रता दिवस के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक से बच्चों को बताया। प्रबन्धक ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी देशवासियों और अभिभावकों गणों तथा शिक्षक और शिक्षिकाओं को 77वें स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाए दी। कार्यक्रम में श्रीमती सुधा पटवाल और अवतार सिंह तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में नरेन्द्र सिंह रावत, श्रीमती उषा मिश्रा, श्रीमती साक्षी मिश्रा, श्रीमती टीना राय, श्रीमती रेनु जोशी, आयुष दत्त, महेन्द्र कुमार, श्रीमती प्रेमलता सिंह, श्रीमती गीता अधिकारी और अभिभावक गण आदि उपस्थित थे।

# विधायक शिव ने कई कार्यक्रमों में किया ध्वजारोहण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रुद्रपुर कई कार्यक्रमों में शिरकत की, उन्होंने सुबह एलॉन्स कॉलोनी चौक पर ध्वजारोहण






कर सभी को आजादी के पर्व पर शुभकामनाएं दी ।भाजपा जिला कार्यालय पर प्रभारी मंत्री गणेश जोशी व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा फहराया और सभी को मिष्ठान खिलाया और कार्यकताओं को घर घर तिरंगा फहराने का आहवान किया। पुलिस लाइन कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा शामिल हुए । इसके बाद विधायक शिव अरोरा आरएएन स्कूल में आयोजित हुये कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए, जहां उन्होंने मेधावी छात्र छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कार भेट कर समानित किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा हमारी युवा पीढ़ी को इस आजादी के महत्व का पता होना चाहिये कि करोडो बलिदानों के बाद हम इस आजाद भारत मे सास ले रहे हैं हम उन महापुरुषों को सदैव स्मरण रहना चाहिए जिनके त्याग बलिदान से आजादी का यह पर्व मनाया जा रहा है । विधायक शिव अरोरा ने कहा आज भारत देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की 5वी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बना चुका है हम आकाश , मैदान, जल हर क्षेत्र में अपनी सेना के पराक्रम के लिये पूरे विश्व मे एक अलग पहचान बनाने लगे हैं । आज देश बहुत तेजी के साथ विकास के नए नए आयाम को स्थापित कर रहा है जो नये भारत के संकल्प से सिद्धि को साकार करता नजर आ रहा है । विधायक शिव अरोरा ने समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को 15 अगस्त के इस पर्व को गर्व के साथ मानते हुए आजादी के महत्व को सदैव स्मरण करना चाहिए।

# सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज द्वारा स्वतन्त्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भैया/बहिनों द्वारा घोषदल के साथ गाँधी पार्क से मुख्य बाजार होते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा हरी झण्डी दिखाते हुए प्रभात फेरी का शुभारम्भ किया गया।स्वतन्त्रता दिवस के पावन पर्व पर ध्वजारोहण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख जगदीश द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रचारक जितेन्द्र ऊधम सिंह नगर, विद्यालय प्रबन्धक अनिल कुमार गुप्ता एवं



प्रधानाचार्य श्रीमान कैलाश चन्द्र त्रिपाठी, नरेश, राजेन्द्र शर्मा , सुधाकर, बलदेव राज खेड़ा आदि उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारम्भ माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वन्दना के द्वारा किया गया। विद्यालय के नन्हें-मुन्हें भैया/बहिनों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस पावन पर्व में विद्यालय के मेधावी भैया/बहिनों और बोर्ड परीक्षा में वरीयता सूची में स्थान प्राप्त भैया/बहिनों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन रमाकान्त शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार और प्रबन्ध समिति के सम्मानित सदस्य एवं अभिभावक बन्धु/भगिनी भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों ने स्वतंत्रता दिवस पर महापुरूषों को किया नमन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी है। इधर श्रीमती शर्मा स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम से पूर्व शहर में स्थापित संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, शहीदे आजम भगत सिंह ,राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ,शहीद उधम सिंह, महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम सुमेर शुक्ला ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, युवा हृदय सम्राट राजीव





गांधी के मूर्ति स्थल पर पहुंची और इन सभी की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उन्हें उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, दिनेश मौर्या, सुदर्शन शर्मा, रविंद्र गुप्ता, अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।वहीं उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा देश की आजादी की 76वी वर्षगांठ के अवसर पर किच्छा रोड स्थित कुष्ठ रोगी आश्रम पहुंची, जहां उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने पूर्व पीएम राजीव गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कुष्ठ रोगी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## चुनौतियां और सशक्तीकरण

देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचिर से प्रधानमंत्री ने आने वाले दशकों में देश के तिरंगे को विकसित भारत का प्रतीक बनाने का जनता से आह्वान किया है साथ ही देशवासियों की आशा और आकांक्षाओं को पूर्ण करने में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की भूमिका में भरपूर सहयोग का संकल्प भी दोहराया है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस अंदाज में उपलब्धियों के साथ-साथ अनेक स्तर पर खड़ी चुनौतियों पर बात की है उससे यह संदेश सामने आया है कि वे आने वाले वक्त में भी अपनी सक्रियता में कोई कमी नहीं करने वाले हैं। आमतौर पर उनके भाषणों में समग्रता से तमाम मुद्दों पर बात होती है, उनका विस्तार होता है और उससे आगे बढ़ने की दृष्टि होती है, लेकिन इस बार स्वतंत्रता दिवस पर फिर उन्होंने फिर यही दर्शाया है कि देश में समस्याओं की व्यापकता के बरक्स उनका मोर्चा अभी कमजोर नहीं हुआ है। यह प्रधानमंत्री के रूप में लगातार उनका दसवां संबोधन था, जिसमें उन्होंने देश को यह आश्वासन देने की कोशिश की कि हर तरह की समस्याओं का हल निकाला जाएगा और उनकी नजर से कुछ छूट नहीं रहा है। मसलन, पिछले दिनों मणिपुर में अशांति और हिंसा पर उनके जवाब की मांग लेकर विपक्ष ने मोर्चा खोला था। लेकिन लाल किले से संबोधन में उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में ही मणिपुर में हिंसा को लेकर चिंता जाहिर की और कहा कि केंद्र सरकार अब राज्य के साथ मिल कर समाधान के प्रयास कर रही है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर भारत की जो सकारात्मक छवि बनी है, उसके लिए लगातार किस स्तर के प्रयास किए गए, वह अब जगजाहिर है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने आने वाले दशकों में देश के तिरंगे को विकसित भारत का प्रतीक बनाने का जनता से आह्वान किया। खासतौर पर उन्होंने तीस साल के कम के युवाओं के महत्त्व का जिस अर्थ में जिक्र किया, उसे बेहतरीन क्षमताओं के सार्थक उपयोग के संकेत के तौर पर देखा जा सकता है। यह भविष्य के सपने के साथ-साथ आम लोगों का मनोबल ऊंचा करने की कोशिश भी है। इस क्रम में सरकार की स्थिरता के महत्त्व का जिक्र करते हुए उन्होंने पिछले दो आम चुनावों में मजबूत सरकार के गठन और सुधारों में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। स्वाभाविक ही इसमें नौकरशाही की भी जिम्मेदारी रही और इसे भी वे नहीं भूले। भविष्य की दृष्टि में अतीत की कमजोरियों की पहचान एक अहम पहलू रही है। इसलिए प्रधानमंत्री की इस बात की अहमियत को भी समझा जा सकता है कि देश के अतीत में गुलामी की दुखद तस्वीरें है तो भविष्य में असीम संभावनाएं हैं। आने वाले दशकों में दुनिया के तमाम देशों में अर्थव्यवस्था ही टिकाऊ विकास की धुरी रहने वाली है। इस लिहाज देखें तो एक बार फिर प्रधानमंत्री के इस दावे को भविष्य के आईने में देखा जाएगा कि दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को दसवीं से उठा कर पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाया गया। इसके समांतर वैश्विक स्तर पर महंगाई एक गंभीर चुनौती के रूप में दिख रही है और भारत भी इससे जूझ रहा है। एक बड़ी उपलब्धि का मोर्चा देश में आतंकवाद की समस्या से निपटना रहा, जिसमें प्रधानमंत्री की इस बात पर गौर किया जा सकता है कि आज देश में आतंकी हमलों में कमी आई है और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बदलाव आया है। पिछले कुछ सालों में एक अहम पहलू महिलाओं के सशक्तीकरण को लक्षित कार्यक्रम रहे हैं। इसी को दर्ज करते हुए उन्होंने कहा कि देश माताओं-बहनों के सामर्थ्य से आगे बढ़ा है। गौरतलब है कि 2024 में आम चुनाव होने वाले हैं और शायद इसे ही ध्यान में रखते हुए उन्होंने अगले साल भी लाल किले से देश की उपलब्धियां बताने का भरोसा दिया। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण को 'तीन बुराइयों' के रूप में गिनाने को भी राजनीतिक चुनौतियों से जूझने की तैयारी के तौर पर देखा जा सकता है।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए बार एसो. सचिव सुशीला मेहता सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला न्यायालय परिसर स्थित जिला बार एसोसिएशन कार्यालय में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे अधिवक्ताओं के हितों एवं न्यायायिक कार्यों में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अपने पद पर रहते हुए जिला बार एसोसिएशन की सचिव सुशीला मेहता बिष्ट को मुख्य अतिथि अपर जिला जज प्रथम सुशील तोमर द्वारा शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि न्यायधीश श्री तोमर ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एमपी तिवारी, साथी न्यायधीशों तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्यों के साथ साथ देश व समाज के हितों के लिए भी आगे आना चाहिए। जिसके लिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण तथा नशे के खिलाफ गोष्ठी के माध्यम से जागरूक किया जाए। न्यायधीश श्री तोमर ने कहा कि बार एसोसिएशन की सचिव सुशीला मेहता बिष्ट सभी अधिवक्ताओं के लिए आदर्श के रूप में उभरकर सामने आई हैं। जिनसे युवा अधिवक्ताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। न्यायिक कार्यों के साथ ही अधिवक्ताओं के हितों के लिए हमेशा आगे बढ़कर संघर्ष करती रही हैं। वहीं सभी के साथ न्यायिक कार्यों में सहयोग भी करती हैं। उन्होंने उपस्थित सभी गणमान्य लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं भी दीं।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एमपी तिवारी ने कहा कि एसोसिएशन सचिव सुशीला मेहता बिष्ट पिछले कई वर्षों से संगठन के प्रति निष्ठावान रहकर सक्रिय रूप से सभी कार्य में प्रतिभाग करती रही हैं। इनका सम्मान हर अधिवक्ता का सम्मान है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन द्वारा समय समय पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसमे सभी सम्मानित न्यायधीशों तथा साथी अधिवक्ताओं का सहयोग रहता है। सचिव सुशीला मेहता ने अपने सम्मान पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरू यह उनका सदैव प्रयास रहेगा। अंत में एसोसिएशन अध्यक्ष एमपी तिवारी ने सभी गणमान्य अतिथियों का कार्यक्रम में आगमन पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर जिला जज मीना देयोपा, फास्ट ट्रैक कोर्ट जज और परिवार न्यायाधीश सहित कई जज अश्वनी गौड़, शिवाकांत द्विवेदी के अतिरिक्त पीयूष पंत, दिवाकर पांडेय, राजेन्द्र चंद, राधेश्याम शुक्ला, मिराज, अजय नारायण यादव, अभय सिंह, सूरज सक्सेना, उमेश पांडेय, इंदरजीत बिट्टा, सुरेंद्र नरूला, गुरबाज सिंह, मुकेश मिश्रा, माखन सिंह, शिव कुमार, राधेश्याम शुक्ला, सुरेंद्र गिरधर, शाहिद हुसैन आदि कई अधिवक्ता मौजूद थे।



# सरस्वती विद्या मन्दिर में रही स्वतंत्रता दिवस की धूम

सितारगंज(उद संवाददाता)। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष सरदार श्री अजीत सिंह जोशन जी मुख्य अतिथि डॉ.कुलदीप सिंह, कोषाध्यक्ष नवीन गोयल जी, उपाध्यक्षा श्रीमती पवित्रा राना जी, वरिष्ठ समाज सेवी श्री सुखदेव प्रसाद, पूर्व प्रबंधक श्री राजेन्द्र मित्तल ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। भैया-बहिनों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित भैया/बहिनों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किये। क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉ.कुलदीप सिंह, अजीत सिंह, नवीन गोयल व प्रधानाचार्य ने विद्यालय परिसर में गोल्डमोहर के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री राजकुमार चौहान, बजरंगी प्रसाद मित्तल, सुभाष सक्सेना, मदन मोहन मिश्रा, श्री कमलेश्वरी शुक्ला, मयंक, विनय गोयल, उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप सिंह ने आजादी के नायकों और असंख्य गुमनाम नायकों को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने अपना सबकुछ देश के लिए त्याग दिया। डा साहब ने सभी से अपने देश का मान सदैव ऊंचा रखने का आवहन किया। श्री अनिरुद्ध राय ने आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सेनानियों को याद किया। भैया-बहिनो को देश के प्रति कर्तव्यनिष्ट बनने की प्रेरणा की। विद्यालय के अध्यक्ष श्री अजीत सिंह जोशन ने सभी मंचासीन आगुंतक अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर श्री सुमन राय सदस्या बाल संरक्षण आयोग, शिवपाल सिंह चौहान, प्रबंधक सरस्वती शिशु मंदिर सितारगंज, श्री पवन बड़सीवाल सह व्यवस्थापक, महेश मित्तल, राकेश त्यागी, रिषभ तहसील प्रचारक एवं विद्यालय के आचार्य अमित खरे,अरविंद शर्मा, सुनील पाठक, दिनेश मिश्रा, लोकेश, दिनेश, वेद प्रकाश, गीता परिहार, तनुज जोशी, हरवेश, सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन रमेश जोशी जी ने किया।





## बच्चों के लिए लगाया पगड़ियों का लंगर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। धार्मिक डेरा कार सेवा लोह लंगर बाबा सुलखन सिंह की कार सेवा में संत महाराज ईशर सिंह जी रारा साहिब के जन्मोत्सव पर संत बाबा बलकार सिंह के सहयोग से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए पगड़ियों का मुफ्त लंगर लगाया गया। 100 से अधिक 15 वर्ष तक के बच्चों ने मुफ्त पगड़ियों में लंगर का लाभ उठाया। गुरसेवक सिंह, अमरदीप सिंह, एस एसपी सिंह ने बच्चों को पगड़िया भी बंदी। बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस मौके पर बाबा सुलखन सिंह, हरदासपुर के पूर्व प्रधान दलजिंदर सिंह कक्कू, दलबीर सिंह हरप्रीत सिंह जशनदीप सिंह, मनजीत कौर, आदि महिलाएं भी मौजूद थे।



# सीएनजी टैंपो यूनियन ने निकाली जागरूकता रैली

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।सीएनजी टेंपो यूनियन ने स्वतंत्रता दिवस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जागरूकता टेंपो रैली का आयोजन किया। टेंपो यूनियन के अध्यक्ष सुब्रत कुमार विश्वास के नेतृत्व में विशाल रैली का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आरटीओ अधिकारी विपिन सिंह ने सीएनजी टेंपो चालकों की मांग 16 किलोमीटर तक की परमिट के लिए आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द सीएनजी टेंपो यूनियन की मांग के ऊपर कार्य किया जाएगा और 4 किलोमीटर परमिट वाले सीएनजी टेंपो वालों को 16 किलोमीटर चलने का परमिट दिया जाएगा और सीएनजी टेंपो यूनियन के लिए रुद्रपुर के अंदर जगह निर्धारित की जाएगी इसी के साथ आरटीओ अधिकारी विपिन कुमार ने झंडा दिखाकर टेंपो रैली का शुभारम्भ किया। सैकड़ों टेंपो चालकों ने इस जागरूक सीएनजी टेंपो रैली में भागीदारी की और देश के स्वतंत्रता सेनानी और देश के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले देशभक्तों को याद करते हुए रुद्रपुर से लेकर दिनेशपुर तक अपना रुद्रपुर गांधी पार्क में रैली को समापन किया। समाज सेवी टेंपो यूनियन अध्यक्ष सुब्रत कुमार विश्वास ने कहां की रुद्रपुर क्षेत्र के अंदर भ्रष्टाचार खत्म करना उनकी सबसे प्रथमिक जिम्मेदारी है टैंपो यूनियन में शासन प्रशासन के नाम और पुलिस वालों के नाम लेकर पैसे वसूली करने वाले नेताओं के चमचो के ऊपर भी जल्द से जल्द नकेल कसने का कार्य भी शासन-प्रशासन करेगा इसके लिए हम आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जागरूक टेंपो रैली के आयोजन में उपस्थित टेंपो यूनियन अध्यक्ष इंद्रपाल, प्रभारी कृपाल, राहुल , गजेंद्र ,असलम, फारूक, दिनेश, मोहम्मद , सूरज मिश्रा सूरज मिश्रा दीपक राजीव कमल राहुल लखन प्रजापति लखन राठौर, प्रजापति, दिनेश शर्मा, मोहित वर्मा, आदि थे ।



# क्रिम्सन स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उदसंवाददाता)। क्रिम्सन वर्ल्ड स्कूल में 76 वें स्वतंत्रता दिवस को उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में चारों ओर तिरंगे लहरा रहे थे जो स्वतंत्रता के प्रतीक थे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती मंजुला सिंघला द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान के आजाद स्वरों ने संपूर्ण वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे -मुन्ने बच्चों ने मुख्य अतिथि जी का पुष्प -गुच्छ देकर स्वागत किया । अत्यंत हर्ष का विषय है कि आज हम सब भारतीय उन्मुक्त गगन में अमन ,शांति की साँस ले रहे हैं। विद्यार्थियों ने आजादी के जश्न को विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके मनाया। विद्यालयी बच्चों ने राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर दर्शकगणों के लिए मनमोहक एकल नृत्य , सामूहिक नृत्य, देशभक्ति गीत , कविता , नाटक एवं भाषण प्रस्तुत किए जिनसे सहज ही देशभक्ति झलक रही थी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्रों की प्रस्तुति से अभिभूत होकर कहा कि अब आप ही देश के कर्णधार हैं । इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती चित्रा शर्मा ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी व सभी आगंतुकों का तहेदिल से आभार व्यक्त किया।उन्होंने सभी बच्चों में सच्ची देशभक्ति की अलख जगाने का प्रयास करते हुए सच्चा देशवासी बनने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के अंत में सैनिकों का स्मरण करते हुए और उनके बलिदानों की चर्चा करते हुए समस्त भारतवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनां दी।




## मदरसे में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाात)। स्वतंत्रता दिवस पर मदरसा नूरिया फैज-उल-उलूम आदर्श कॉलोनी में झंडा फहराया गया तथा राष्ट्रगान गया गया। मदरसे के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। झंडारोहण मुख्य अतिथि पार्षद प्रतिनिधि हाजी बाबू खान तथा विशिष्ट अतिथि हाजी नबी रजा खान तथा मदरसे के अध्यक्ष मो. असलम तथा पार्षद पति डॉ.सोनू खान जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस शुभ अवसर के मौके पर अध्यक्ष मो. असलम, पार्षद प्रतिनिधि हाजी बाबू खान जी, पार्षद पति डॉ. सोनू खान जी,हाजी नबी रजा खान जी,हाजी फारुक अली जी,अतीक अहमद,कमर खान,आरिफ अंसारी,पिंटू खान,शादाब खान एवं मदरसे के बच्चे उपस्थित रहे।



# रूद्रपुर के सुभाष अरोरा का भारतीय मास्टर फुटबॉल टीम में चयन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जकार्ता इंडोनेशिया में मास्टर एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट जो कि 18 अगस्त से 21 अगस्त तक खेला जाएगा इसमें भारतीय टीम प्रतिभाग कर रही है। इसमें उत्तराखंड के 2 खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिनमे रूद्रपुर के सुभाष अरोरा एवं पिथौरागढ़ से विनोद सिंह वल्दिया शामिल हैं। चयनित दोनों ही पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं। दोनों ही बनारस स्पोर्ट्स हॉस्टल के छात्र रह चुके हैं। उत्तराखंड के लिए बहुत गर्व की बात है इस टूर्नामेंट में एशिया की 10 देशों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। दोनों ही खिलाड़ी 60 वर्ष से अधिक आयु के हैं जो कि युवा खिलाड़ियों के प्रेरणा स्रोत हैं। इस उम्र में भी अपने आप को कैसे फिट रखा जा सकता है। इन्होंने करके दिखाया है। सबसे बड़ी बात यह है कि इनके पूर्व प्रशिक्षण शाहनवाज खान जिनकी आयु लगभग 88 वर्ष है। उन्होंने अभी भी उसी तरह से संदेश भेजकर इनको खेलने की हिदायत दी है। जैसे 45 वर्ष पूर्व प्रशिक्षण दिया करते थे। सुभाष अरोरा को यंग क्लब हल्द्वानी तथा कॉर्बेट फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों द्वारा शुभकामनाएं देकर उनसे देश एवं प्रदेश का नाम विदेश में भी रोशन करने की आशा व्यक्त की। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी मदनलाल एवं कपिल देव द्वारा भी शुभकामनाएं भेजी गई।

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की विचारधारा पर प्रकाश डाला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री गुरु सिंघ सभा में सिख मिशनरी कालेज, लुधियाना के यूपी व उत्तराखंड जोन का जोनल समागम हुआ। जिसमें यूपी व उत्तराखंड से आये सर्कल के मेंबर व संगत सम्मलित हुई।बाहर से आए संस्था के मेंबर्स ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की विचारधारा पर प्रकाश डाला।लुधियाना से आए संस्था के सुप्रीम कौंसिल के मेंबर सरदारनी सतिंदर कौर, स. कुलवंत सिंघ, स. दविंदर सिंघ व स. इंदरजीत सिंघ ने विस्तार से गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलने की जानकारी दी। समागम में अलग अलग शहरों से सर्कल इंचार्ज, प्रोजेक्ट इंचार्ज व मेंबर सम्मिलित हुए। जोनल इंचार्ज जगजीत सिंघ, डिप्टी जोनल इंचार्ज स. मनमीत सिंघ, हल्द्वानी शहर के सर्कल इंचार्ज सतवंत सिंघ,बरेली सर्कल के इंचार्ज स. कुलदीप सिंघ ने भी समागम में शिरकत की। समाप्ति के बाद सभी संगत ने गुरु का लंगर छका। प्रबंधन कमेटी व गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा, मुख्य सेवादार स. रंजीत सिंघ ने भी आई समूह संगत व मिशनरी का धन्यवाद किया।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। किच्छा बाईपासरोड स्थित दॉ ऑक्सफोर्ड अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण विद्यालय के प्रबंधक रोहिताश बत्रा , विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्या श्रीमती प्रीति पपनेजा व प्रधानाचार्य के एस0 नेगी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रात:काल से ही विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण था। कदमताल करते हुए 24 यूके गर्ल्स एन.सी. सी. के केडेट्स ने सलामी दी। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी धूम रही। माँ सरस्वती की वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हुआ। विद्यालय के चारों सदन जवाहर, टेगौर , सुभाष व तिलक के प्रतिभागियों ने देशभक्ति के गीतों पर नृत्य कर प्रतियोगिता के आयोजन ने तो समा ही बाँध दिया। केसरिया बाने में सजे नन्हें नौनिहाल सभी का मन मोह रहे थे। कुछ विद्यार्थी शांति के रंग के प्रतीक सफेद वस्त्रों में उपस्थित थे, तो कुछ संपन्नता के प्रतीक हरे रंग में शान बढ़ा रहे थे। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन समर्पण, एकता त्याग व बलिदान का प्रतीक है, हमें अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह ईमानदारी से करना नहीं भूलना चाहिए। स्कूल कॉर्डिनेटर मधुमिता सिन्हा,राजवीर कौर , नीरा बांबा , अनीता भंडारी, शालिनी सक्सैना, हरीश अरोरा आदि के साथ समस्त शिक्षक-गण ने आयोजन में मुख्य भूमिका निभाई। स्वतंत्रता दिवस के इस सुअवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य रोहिताश बत्रा, विकास बत्रा, अमित जिन्दल, श्रीमती स्नेह मिडढा, जे के बाम्बा, वैभव बत्रा ने समस्त विद्यालय परिवार को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।




# एसएसपी राजगुरू ने किया ध्वजारोहण

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसएसपी रामचन्द्र राजगुरुने पुलिस लाईन अल्मोड़ा में ध्वजारोहण करते हुए राष्ट्रध्वज को सलामी दी। एसएसपी ने उपस्थित पुलिस बलको स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए, देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को याद कर देश की एकता अखंडता, धर्मनिरपेक्षता और आपसी सौहार्द्र बनाये रखने को कहा। इस दौरान एसएसपी अल्मोड़ा ने सेवा के आधार पर एवं विशिष्ट कार्य के पदक /सम्मान चिन्पाने वाले उत्तराखण्ड पुलिस के अधिकारीकर्मचारियों सहित जनपद पुलिस के 3 अधिकारी कर्मचारियो के नाम पढ़कर सुनाये गये और सभी पदक विजेताओं को बधाई दी। उपस्थित पुलिस बल को ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। इसके उपरांत एसएसपी ने वीर शहीदों की अमृत वाटिका पर उनकी स्मृति में पौधारोपण किया। साथ ही शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों की शहादत को याद किया। कार्यक्रम के उपरांत मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद द्वारा पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा, सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा' द्वारा कोतवाली रानीखेत व जनपद के सभी थानाचौकी व फायर स्टेशनों में संबंधित प्रभारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया **अल्मोड़ा पुलिस के तीन अधिकारी कर्मचारियों को मिला मिला पदक :** स्वतंत्रता दिवस पर डीजीपी अशोक कुमार ने विशिष्ट कार्य के लिए अल्मोड़ा जनपद के तीन पुलिस अधिकारियों कर्मचारियो सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया। विशिष्ट कार्य के लिए अल्मोड़ा पुलिस के उप निरीक्षक जसविंदर सिंह, थानाध्यक्ष दन्या, हेड कानि0 जगपाल सिंह, अल्मोड़ा महिला आरक्षी रीनू गौतम कोतवाली रानीखेत को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया गया । एसएसपी रामचंद्र राजगुरू ने सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह पाने वाले तीनों अधिकारी कर्मचारियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।



# सनातन कन्या महाविद्यालय में बिखरे देशभक्ति के रंग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। से सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के स्लोगन के साथ राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ध्वजारोहण के साथ ही छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित गणमान्य अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देश भक्ति गीत, नृत्य, भाषण और भारत माता की जय के जयघोषों से पूरा वातावरण उत्साह से भर गया। मुख्य अतिथि हरि चंद्र मिड्डा ने ध्वजारोहण था दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत की। संचालन करते सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर ने कहा भारत का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है। हमें और लगन से कार्य करना है। विजय जग्गा ने कहा राष्ट्रीय पर्व देश प्रेम का जज्बा लेकर आते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सरविन्दर कौर ने अपने संबोधन में कहा कि हमें कभी अपने देश की आजादी का इतिहास नहीं भूलना चाहिए कि कैसे हमारे देश भक्तों ने संघर्ष कर, बलिदान देकर यह आजादी प्राप्त की। आज भारत हर क्षेत्र में सफलता की बुलन्दियों को छू रहा है। हमे मिलकर देश को सम्पूर्ण विश्व में आगे बढ़ाना होगा ताकि सब यह कहे सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा। इस मौके पर छात्राओं द्वारा आर से परिपूर्ण गीत, भाषण, नृत्य, नाटक आदि की प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में सरपरस्त हरिचन्द्र मिड्डा, नंदलाल भुड्डी, जुगल किशोर बांबा, अध्यक्ष श्री महेश बहर, ओमप्रकाश अरोरा, विजय मिड्डा, जागन नारंग, शशि अरोरा, डा. ज्योति, डा. शिल्पा, डा. नीमा, डा. रजनी, डा. सुगंधा,डा. रेखा, डा .नीतू, डा. विद्या, श्रीमती बीना यादव, प्रेरणा, डा .भावना, कु. नेहा, श्रीमती नेहा, रश्मि, फरहा, कशिश, प्रिंसी, ज्योति आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डा. चम्पा जग्गा व डा. श्वेता ने संयुक्त रूप से किया।



## पेज एक का शेष...

**स्कूलों पर यूजर्स चार्ज...**, छोटा हाथी, पिक-अप बालेरो एवं ईनोवा आदि वाहनों के प्रतिदिन के दर निर्धारित कर आवश्यकतानुसार किराये में लिये जाने , नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत दैनिक रूप से उत्सर्जित होने वाले लगभग 120 मीट्रिक टन दैनिक अपशिष्ट का आगामी 2 वर्ष तक प्रतिदिन निस्तारण किये जाने हेतु ई निविदा के माध्यम से किसी फर्म / संस्था का चयन करने, नगर निगम में रिक्शा क्रय किये जाने, निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी, निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत कूडा सफाई एवं कूड़ा एकत्रीकरण हेतु राज्य / केन्द्र सरकार से बजट के लिए डीपीआर बनाने, नवनिर्मित कार्यालय भवन की छत में सोलर प्लान्ट लगाने, नगर निगम रूदपुर में जो वाहन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय / क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण में पंजीकरण नही हैं उन वाहनों की क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय / क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण में पंजीकरण कराने, यूजर बार्ज वसूली से प्राप्त हो रही धनराशि का उपयोग सफाई व्यवस्था हेतु किये जाने , ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन नियमावली में संशोधन पर ,नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न सरकारी / गैरसरकारी स्कूलों / कॉलेजों की छात्रों की संख्या के आधार पर वर्गीकृत कर यूजर चार्ज शुल्क लगाने, नगर निगम रुद्रपुर कार्यालय व निर्माणाधीन सभागार निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने, वार्ड नं0 1 फुलसुंगा में सड़क एवं नाली निर्माण ,मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार बिगवाडा शमशान घाट में स्व० शहीद वीरेन्द्र सिंह सामन्ती की स्मृति में उत्तराराण्ड सरकार की ओर से निर्माण किये जाने , मुख्य बाजार में गांधी पार्क का सौन्दर्यीकरण करने, नगर निगम रूद्रपुर परिसर में स्वास्थ्य अनुभाग / डाक अनुभाग / जन्म मृत्यु अनुभाग वाला भवन जो कि 1954 में बना है, काफी पुरानी हो चुका है और जर्जर हालत में है को ध्वस्त करने एवं उसके स्थान पर नये भवन के निर्माण करने, पहाडगंज स्थित ट्रंचिंग ग्राउण्ड में कूड़े को नदी में जाने से रोकने हेतु निर्माण करने एवं एन०एच० की ओर पुल से लेकर एम0आर0एफ0 सेंटर तक निर्माण, पथ प्रकाश व्यवस्था हेतु एलईडी स्ट्रीट लाईटें क्रय करने एवं स्थापना कार्य , मा उच्च न्यायालय में नगर निगम रूद्रपुर की ओर से पैरवी करने वाले वकीलो का मानदेय रु 15000 प्रति वाद की दर से दिया जाता है जिसे बढाकर 30,000प्रति वाद किये , श्री लक्ष्मीनारायण धर्मशाला एव अन्य धर्मशालाओं का सौंदर्यीकरण, ब्लाक स्थित शहीद स्मारक का सौन्दर्यीकरण सहित कई प्रस्तावों पर चर्चा की गयी और इनमें से अधिकांश प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पार्षदों में सुरेश गौरी,विधान राय, सुशील मण्डल, प्रीति साना, मोहन कुमार, बबीता बैरागी, सीमा गुप्ता, जीतेन्द्र यादव, नाजिम अली, प्रमोद शर्मा, शालू पाल, सुनील कुमार, मो.जाहिद, अमित शर्मा, पुष्पा रानी, कमला देवी, सुशील यादव, रजनी रावत, मधु शर्मा, इलमा समरीन, आयुष तनेजा,सुनीता मुन्जाल, मोहन लाल खेड़ा, सुशील चौहान, अम्बर सिंह, श्यामली विश्वास, वीरेन्द्र कुमार, बबलू सागर, रीना जग्गा, रमेश कालड़ा,राजेश कुमार सहित निगम अधिकारी मौजूद थे।

**बागेश्वर में अब कार्यकर्ताओं....** का रीढ़ बताते रहते हैं, लेकिन जब भी किसी महत्वपूर्ण चुनाव या पद की बात आती है तो निचली पंक्ति का कार्यकर्ता को दरकिनार कर दिया जाता है। ऐसे में कार्यकर्ताओं के मन में यह विचार आना स्वाभाविक है कि क्या वे केवल दरी बिछाने ,नारे लगाने और बड़े नेताओं के महिमा मंडन के लिए ही हैं ? जाहिर है कि यदि भाजपा कार्यकर्ताओं में यह विचार घर कर गया तो, या तो भाजपा कार्यकर्ता निष्क्रिय हो जाएगा या अपना भविष्य का रास्ता साफ करने के लिए भीतरघात पर उतारू हो जाएगा और यह दोनों ही स्थिति भाजपा के लिए घातक हो सकती है । बात कांग्रेस पार्टी की करें,तो उसकी स्थिति तो और भी विषम है। एक तो कुछ दिनों पूर्व ही उसके संभावित प्रत्याशी एवं कद्दावर नेता पाला बदलकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम चुके हैं और दूसरे उसने एक आयातित प्रत्याशी को अपना चेहरा बनाया है। याद दिलाना होगा कि कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार वर्ष 2017 में बहुजन समाज पार्टी से तथा वर्ष 2022 मेंआम आदमी पार्टी से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं ।ऐसे में बागेश्वर विधानसभा का पुराना एवं निष्ठावान कांग्रेसी कार्यकर्ता दूसरे दल से आए व्यक्ति के पीछे पूरे मन और निष्ठा के साथ खड़ा हो पाएगा ? इसकी संभावना बेहद कम है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रत्याशी चयन की घोषणा के मौके पर एकजुटता दिखाकर ,पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने का भरसक प्रयास करने के साथ ही बागेश्वर उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत का भी दावा किया है, लेकिन इस दावे के हकीकत में बदलने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ऊर्जा विधानसभा उपचुनाव में झोंकनी होगी, जिसके कि आसार फिलहाल तनिक कम ही दिखाई देते हैं ।

**मकान गिरने से दो...** पैदल मार्ग से लेकर मंदिर तक फंसे 250 श्रद्धालुओं में से 120 श्रद्धालुओं को रेस्क्यू किया गया है। ऊखीमठ एसडीएम जितेंद्र वर्मा ने बताया कि रविवार रात को हुई मूसलाधार बारिश से मद्महेश्वर पैदल मार्ग पर बणतोली के पास पैदल पुल बह गया था। अन्य लोगों को भी जल्द रेस्क्यू कर दिया जाएगा।

# पुलिस ने तीन वारंटी किये गिरफ्तार

किच्छा( उद संवाददाता)। आपरेशन प्रहार के तहत किच्छा पुलिस ने न्यायालय से जारी एन बी डबल्यू वारंट की तामीली करते हुए वारंटी कृष्ण पाल प्रजापति पुत्र खूबकरण लाल प्रजापति निवासी वार्ड नंबर 13 रेलवे लाइन किच्छा, फरीद उर्फ गंठा पुत्र नवी अहमद निवासी वार्ड नंबर 15 किच्छा ,राजीव कुकरेजा पुत्र कन्हैयालाल निवासी पुराना अस्पताल रोड किच्छा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। टीम में एस एस आई विनोद फर्त्याल,एस आई मनोज कुमार सिंह,सिपाही जगमोहन नेगीसिपाही दीपक बोरा शामिल थे।



# धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डियोढ़ी में 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहम्मद इलियास और प्रधानाध्यापक सोबरन सिंह राणा ने संयुक्त रूप से झंडारोहण किया। इससे पूर्व विद्यार्थियों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई तथा देशभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया गया। झंडारोहण के पश्चात विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत देश भक्ति के नाटक-गीत और कविता प्रस्तुत करी गईं। विद्यालय के अध्यापक सूरज सक्सेना कृष्ण चंद्र और रुचि सक्सेना ने स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को विस्तार से इस दिन के महत्व को बताते हुए देश के महान अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश की खुशहाली और तरक्की की कामना की। बच्चों के लिए विशेष भोज का आयोजन भी किया गया बच्चों ने छोले-पूड़ी हलवे और मिठाई का आनंद उठाया। यहां रुचि सक्सेना, कृष्ण चंद्र आर्य, विमला देवी जीत कौर जसविंदर कौर, शाफिकुद्दीन नवाबुद्दीन, हफीजउद्दीन, मोहम्मद हसीबुल तथा शाइन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक सूरज सक्सेना द्वारा किया गया।



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# युवा मुस्लिम मोर्चा ने निकाली तिरंगा यात्रा

किच्छा(उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर में युवा मुस्लिम मोर्चा उत्तराखंड के तत्वाधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें मोर्चे के सैकड़ो युवाओं के साथ कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने भी भाग लिया। तिरंगा यात्रा का प्रारंभ डीडी चौक से किया गया जो महाराणा चौक मुख्य बाजार तक पहुंचा तथा महाराणा चौक से लौटकर डीडी चौक पर समाप्त हुआ तिरंगा यात्रा में युवाओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में जमकर नारेबाजी की गई तथा एकता व भाईचारे का संदेश दिया गया सभी युवाओं ने एक स्वर में कहा कि देश के प्रति सजग रहना सभी हिंदुस्तान वासियों का कर्तव्य है युवाओं का इसमें सबसे ज्यादा योगदान रहता है। युवाओं ने कहा कि वर्तमान में कुछ ताकत है जो देश को तोड़ना चाहती है युवा मोर्चा मुस्लिम ऐसी ताकतों को मुंह तोड़ जवाब देगा तथा नफरत फैलाने वालों को बेनकाब करेगी ।उन्होंने कहा कि देश को आजाद करने में मुस्लिम युवाओं ने भी अपने प्राणों की आहुतियां दी है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। इस अवसर यूथ कांग्रेस के जिला महामंत्री ने बताया कि यह रैली मुस्लिम युवा मोर्चा उत्तराखंड के तत्वाधान मै आयोजित किया गया है।उन्होंने कहा की देश कि एकता अखंडता के लिए युवा मोर्चा मुस्लिम हमेशा तैयार रहेगा।इस अवसर पर युवा नेता अकरम खान ने भी कहा की हिदुस्तान पूरी दुनिया मै गुलिस्तां है जहां विभिन्न मान्यताओं के बाद एकता कायम है। आज हम हिंदुस्तानी आजाद हो कर आजादी का जस्न माना रहें है। युवा नेता एन यू खान ने कहा की एकता व भाई चारा बरकार रहे इस यात्रा का संदेश हम सब भारत वासी है । इस अवसर मुख्य रूप से दानिश इकबाल, अकरम खान , एन यू खान, खालिद इकबाल, रिजवान सलमानी ,मोहम्मद अरमान,इमरान खान, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद असद ,मोहम्मद शमी, मो मारूफ, मो रजा फैजान, मिक्की मो कैफ,दानिश नशीर शेख, तस्लीम रजा, आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।







# गदरपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



गदरपुर (उद संवाददाता)।76 वा स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, गुरु नानक स्कूल, के छात्र छात्राओं ने भारत माता की जय 15 अगस्त अमर रहे के जय घोषों के साथ 76 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में प्रभात फेरी निकाली गई वही नगर पालिका गदरपुर में अध्यक्ष गुलाम गोस द्वारा ध्वजारोहण किया गया वही मंडी समिति में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा ध्वजारोहण किया गया तहसील गदरपुर सरस्वती शिशु मंदिर, राजकीय इंटर कॉलेज, एसएस पब्लिक स्कूल, मोनाड पब्लिक स्कूल, रेड रोज कान्वेंट स्कूल, नवयुग विद्या मंदिर, रिलायंस पब्लिक स्कूल, सिटी मॉडल स्कूल, नवोदय पब्लिक स्कूल, राजरानी कन्या इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर के साथ-साथ अन्य शासनिक व प्रशासनिक भावनाओं पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए मिष्ठान वितरण किया गया। थाना गदरपुर में भी स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया थानाध्यक्ष राजेश पांडे द्वारा थाना गदरपुर के परिसर एवं भवन को तीन रंग के गुब्बारों से तिरंगा मय कर दिया। थानाध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद सभी देशवासियों को सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मिष्ठान वितरण किया गया एस आई ओम प्रकाश, एस आई पूरन सिंह तोमर, एस आई राकेश कठेत, एस आई भूपेंद्र सिंह, एस आई बसंत कुमार, एस आई महेश चंद, एस आई कुसुम रावत, एल आई यू इंस्पेक्टर रिजवान खान,भुवन गिरी,एवं कांस्टेबल दर्शन सिंह,रवि भट्ट,मनोज जोशी,रविंदर सिंह,नारायण रावल, आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।





# स्वतंत्रता सेनानी के परिवारों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता) नगर निगम सभागार मे आयोजित ष्क्रांतितीर्थ ( क्रांतिधरा के बलिदानियों को नमन ) श्रंखलाष के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह एवं विधायक शिव अरोरा और विशिष्ट अतिथि मेयर रामपाल सिंह एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत बौद्धिक प्रमुख नरेन्द्र और कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप मे वरिष्ठ समाजसेवी हरीश मुंजाल ने कार्यक्रम का उद्घघाटन भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान



स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों को सम्मानित किया गया। बनवासी कल्याण कन्या विद्यालय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति के रंगारंग कार्यकम की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में संरक्षक समरपाल सिंह, संयोजक निखिलेश शांडिल्य, सह मनोज मित्तल, सचिव मानस जायसवाल, मीडिया प्रभारी योगेश वर्मा, सदस्य माधवी, पूजा शर्मा, गुंजन बाठला एल, रश्मि रस्तोगी, अमित गंभीर, नीरज अग्रवाल, मोहित शर्मा, विजय बहादुर, नीरज त्यागी, गोपाल पांडेय और आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यापार मण्डल ने गणमान्य लोगों को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर द्वारा उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र , प्रकाश लाल सहायक अभियंता पीडबल्यूडी, गुरमीत सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, धीरेंद्र कुमार थाना प्रभारी, अभिषेक तिवारी अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग,फादर अलेक्जेंडर- सेंट पीटर स्कूल , सहित तमाम गणमान्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही क्षेत्र के विधायक तिलक राज बेहड़ ,भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना ,मंडी परिषद कमलेन्द्र सेमवाल एवं पत्रकार बंधुओ के साथ विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण में प्रतिभाग किया । इस अवसर पर नगर व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने कहा कि



हम आजाद है ,इसका मतलब ये नही है कि हम अपने कर्तव्यों को भूल जाए हम व्यापारियों सहित तमाम नागरिकों का कर्तव्य है कि आजादी के महत्व को समझते हुए एक दूसरे का सम्मान करते हुए सभी के दुख सुख में प्रतिभा करते हुए देश के विकास में लग रहे तथा आने वाली पीढ़ी को एक एक संपन्न राष्ट्र राष्ट्र सौंप कर जाएं। सम्मान देने वालों मै नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज, महामंत्री विजय अरोड़ा सहित तमाम व्यापारी पदाधिकारी मौजूद थे।

# समाजसेवी चुघ ने विभिन्न विद्यालयों में किया ध्वजारोहण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर के अनेक विद्यालयों में बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर उपस्थित छात्र छात्राओं को देश की स्वतंत्रता के बारे में कई जानकारियां दी। इससे पूर्व विद्यालयों में पहुंचने पर प्रबंधकों एवं शिक्षकों द्वारा उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। श्री चुघ ने भूरारानी स्थित श्री भंजूराम अमर इंटर कॉलेज में विद्यालय प्रबंधक सुरेश गांधी एवं प्रधानाचार्य एनएल गंगवार के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित शिक्षकों विद्यार्थियों एवं गणमान्य अतिथियों के साथ राष्ट्रीय गान गाया। विद्यालयों में छात्र- छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों के साथ भारी संख्या में अभिभावक व अतिथि उपस्थित थे। वहीं श्री चुघ द्वारा ट्रांजिट कैंप फुटबॉल मैदान के समीप स्थित राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में





झंडारोहण किया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने लिटिल किड्स पब्लिक स्कूल ट्रांजिट कैंप तथा प्राथमिक पाठशाला मॉडल स्कूल में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विद्यालयों में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री चुघ ने कहा कि समस्त विद्यार्थियों को देश के राष्ट्रीय पर्वों के बारे में विस्तार से जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को विद्यालय में देश की स्वतंत्रता का इतिहास बताने का साथ ही अच्छे संस्कार भी दिया जाना आवश्यक है। श्री चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश का सम्मान संपूर्ण विश्व में गौरवान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी दो बार देश के प्रधानमंत्री बन चुके हैं। अब आगामी वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में देश की जनता का विश्वास जीतकर पुन: प्रधानमंत्री पद को सुशोभित करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बचपन से ही देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निर्वहन करने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण करते हुए नशे से दूर रहे और बेहतर शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों पर आसीन होकर देश की सेवा करें। श्री चुघ ने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। वहीं शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात युवाओं के लिए रोजगारपरक योजनाएं भी संचालित हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को बड़ा होकर स्वरोजगार के प्रति अपना ध्यान लगाना होगा। साथ ही आधुनिक शिक्षा ग्रहण करनी होगी। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, गणमान्य अतिथियों एवं अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान मनोज गुप्ता, संजीव गुप्ता, कमलेश शर्मा, मंजू बिष्ट, खेमकरन सिंह, विश्व प्रभा पाठक, विमला तिवारी, सुमित्रा बिष्ट, अंजली विश्वास, चित्रा दत्ता, कंचन जोशी, रीतू चौहान, ब्रजकिशोर रस्तोगी, कृति भंडारी, प्रकाश चंद्र, राज कोली, गिरीश पाल, चंद्र प्रकाश चुघ, दीपक राणा, विजय डे, किशन पाल, वीरेंद्र राठौर, राजेश सक्सेना, अरविंद कोली, मोहित गुप्ता, आकाश गुप्ता व राजीव आदि मौजूद थे।